


दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

न रिश्वत लें, न रिश्वत देंगे
Reg. No. MH180326353

BCI
BUSINESS CIRCLE INDIA

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

वर्ष: 11 ● डिजिटल अंक : 148 ● मुंबई, शनिवार 25 जनवरी-2025 ● प्रधान सम्पादकः पवन जैन पदमावत ● पृष्ठ : 04 ● मूल्य : 000 ● नि:शुल्क ●


## खबर संक्षेप

### गांजे के साथ एक आरोपी को सूरजपोल पुलिस ने गिरफ्तार किया



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर की सूरजपोल थाना पुलिस ने अवैध मादक पदारथों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध गांजे के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। सूरजपोल थानाधिकारी रतन सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रोडवेज बस स्टैंड के पीछे सौ फीट रोड से आदतन अपराधी राहुल पुत्र राजू निवासी कच्ची बस्ती सिटी रेलवे स्टेशन को 435 ग्राम अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट एवं आर्स एक्ट से संबंधित चार प्रकरण दर्ज पाए गए हैं। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एमडीएमए बेचते दो अभियुक्तों हिरणमगरी पुलिस ने गिरफ्तार किया



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर ।** शहर की हिरणमगरी थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए की तस्करी के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 15 अक्टूबर 2024 को प्रतापनगर थाना पुलिस ने नारायण पुत्र फत्ता निवासी नुरड़ा घासा को 15.15 ग्राम एमडीएमए के साथ पकड़ा था। मामले में कार्रवाई करते हुए हिरणमगरी थाना पुलिस ने नारायण को एमडीएमए सप्लाई करने वाले दो अन्य आरोपियों विनोद पुत्र शंकर निवासी कुराबड़ और शेरसिंह पुत्र प्रतापसिंह निवासी मेड़ता को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े 25 एवं 26 जनवरी को उदयपुर में

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े शनिवार से उदयपुर के दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि माननीय राज्यपाल 25 जनवरी को दोपहर 12.15 बजे विमान से डबोक स्थित महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा सर्किट हाउस आएंगे। अपराह्न बाद 3.55 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर सहेलियों की बाड़ी पहुंच कर एट होम कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 5 बजे सहेलियों की बाड़ी से प्रस्थान कर सर्किट हाउस आएंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में रहेगा। श्री बागड़े अगले दिन 26 जनवरी को सुबह 9 बजे नगर निगम टाउन हॉल परिसर स्थित शहीद स्मारक पहुंच कर पुष्प चक्र अर्पित करेंगे। इसके पश्चात 9.30 बजे महाराणा भूपाल स्टेडियम पहुंच कर गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेंगे। माननीय राज्यपाल 11.50 बजे स्टेडियम से प्रस्थान कर 12.25 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा वहां से विमान द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### धूमधाम से मनाया कांठल कला एवं संस्कृति महोत्सव

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़।** जिला प्रशासन प्रतापगढ़, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग प्रतापगढ़ और पर्यटक स्वागत केन्द्र चित्तौड़गढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कांठल कला एवं संस्कृति महोत्सव प्रतापगढ़ में धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह महोत्सव प्रतापगढ़ जिले की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रकट करने और जन-जन तक इसे पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।जिला कलेक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने अधिकारियों को जिम्मेदारी आवंटित करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए है। महोत्सव का द्वितीय दिवस 25 जनवरी, शनिवार को एक भव्य रैली से शुरू होगा, जो किला परिसर से कृषि उपज मंडी प्रांगण तक प्रातः 9.30 बजे से 11.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। सांस्कृतिक संध्या और समापन समारोह शाम 6 बजे से कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित होगा।

## हनुमानगढ़ जिले में डीएसटी व थाना जंक्शन पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# नोट दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/हनुमानगढ़ ।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप जिले की डीएसटी एवं हनुमानगढ़ जंक्शन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर नोट दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के दो सदस्यों गुरजंट सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ जन्टा पुत्र कश्मीर सिंह रायसिख (28) निवासी फतेहपुर थाना संगरिया एवं लखवीर सिंह उर्फ लखविन्द्र सिंह उर्फ लखा पुत्र जगराज सिंह (27) निवासी चक ज्वाला सिंह वाला थाना जंक्शन को गिरफ्तार कर 10.75 लाख रुपए के नकली नोट (चिल्ड्रन बैंक) एवं 2200 रुपए के असली नोट बरामद किए हैं। एसपी अरशद अली ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, क्रिकेट-बुक्की व अवैध धंधों की रोकथाम के लिए जीरो टॉलरेंस अभियान के



तहत समस्त पुलिस अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्राधिकार में सख्ती से पालना करवाए जाने के लिए निर्देशित कर आमजन को गुप्त रूप से सूचना देने की उनके द्वारा अपील की गई है। एसपी अली ने बताया कि इसी क्रम मे उन्हें सूचना मिली की हनुमानगढ में एक ठग गिरोह सक्रिय है, जो लोगो को नोट दुगना करने का झांसा देकर ठगी करते है। इस पर उन्होंने जिला विशेष टीम के माध्यम से लगातार निगरानी रखवाई जाकर आवश्यक आसूचना संकलन करवाई। प्राप्त आसूचना को डवलप करवा पुष्टि के उपरांत मुल्जिम गुरजंट सिंह उर्फ बिटटू उर्फ जंटा सिंह एवं लखवीर सिंह उर्फ लखविन्द्र सिंह उर्फ लखा को टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से 100-100 रूपये के 950 नोट व 500-500 रूपये के 1960 नोट कुल 10 लाख 75 हजार रूपये के नकली नोट (चिल्ड्रन बैक) एवं 2200 रूपये असली भारतीय मुद्रा प्राप्त हुई। इनके विरुद्ध मुकदमा थाना हनुमानगढ जंक्शन में दर्ज कर अनुसंधान एएसआई कालूराम द्वारा शुरू किया गया।

आरोपियो से विस्तृत पूछताछ जारी है। इस गिरोह के सदस्य लोगो से सम्पर्क कर अपनी बातो में लेकर नोट दुगना करने का झांसा देते है। वीडियो के जरिये नोटो की गड्डियां दिखाते है ओर पहली बार मे सैम्पल के रूप मे असली नोट देकर कहते है कि ये नोट हमारी प्रिन्ट मशीन से बनाया हुआ है। कस्टमर को सैम्पल नोट पर विश्वास हो जाता है तो ठग कस्टमर को मिलने के लिये बुला लेते है। उस समय नकली नोटो की गड्डियां बना कर उपर-नीचे असली नोट लगा कर ठगी करते है। गिरफ्तार आरोपी गुरजंट सिंह के विरूद्ध पुलिस थाना हनुमानगढ जंक्शन,नया शहर बीकानेर एवं संगरिया एवं आरोपी लखवीर सिंह के विरूद्ध थाना नया शहर बीकानेर, हनुमानगढ जंक्शन, हनुमानगढ टाउन पर ठगी के 03-03 प्रकरण दर्ज है, आरोपी लखवीर पर थाना महिला हनुमानगढ पर पीटा एक्ट का प्रकरण भी दर्ज है। इस कार्रवाई में डीएसटी सैक्टर हनुमानगढ की विशेष भूमिका रही।

## जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आयोजित



● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला कलेक्टेड्ट सभागार में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति तथा अन्य जनसमस्याओं के निस्तारण पर विस्तार से चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में उप जिला प्रमुख सागरमल जैन, धरियावद विधायक, जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया, उपवन संरक्षक हरिकिशन सारस्वत, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद परसाराम उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उप जिला प्रमुख सागरमल जैन ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी आपस में पूर्ण सहयोग एवं समन्वय से काम करें, जिससे आमजन को बिजली, पानी एवं सड़क जैसी मूलभूत आवश्यकताओं में कोई समस्या न हो। इस मौके पर जिला कलक्टर डॉ. अंजलि राजोरिया ने कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण मनोयोग से जनप्रतिनिधियों की समस्याओं को सुनें तथा उनका जनहित में त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करें। उन्होंने जिले के विभिन्न इलाकों में बिजली, पेयजल एवं सड़क इत्यादि से संबंधित व्यवस्थाओं को बेहतर करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में विधायकों एवं अन्य जन प्रतिनिधियों ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति, कृषि विद्युत कनेक्शन में तीव्र गति, हैण्डपम्प्स की मरम्मत के कार्य टैंकर से पेयजल आपूर्ति का बेहतर प्रबन्धन, सड़कों के मरम्मत संबंधी कार्यां के मामले प्रस्तुत किये जिस पर जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों को पूर्ण समन्वय के साथ विभिन्न समस्याओं के निस्तारण कर आमजन के हितार्थ में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में महात्मा गॉधी नरेगा योजना वित्तिय वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना का अनुमोदन के लिए की चर्चा और जिले में चल रहे कांठल महोत्सव में भाग लेने के लिए जनप्रतिनिधियों और जिला परिषद सदस्यों को भाग लेने के लिए आंमत्रित किया। बैठक का संचालन करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद परसाराम ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य एवं अन्य जन प्रतिनिधि सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा-2024

### विस्तृत आवेदन पत्र जमा करवाने का अंतिम अवसर

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा विधि रचनाकार प्रतियोगी परीक्षा-2024 के अंतर्गत जारी विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी जिन्होंने विस्तृत आवेदन में पत्र जमा नहीं करवाएं है को अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा का आयोजन दिनांक 14 जुलाई 2024 को किया गया था।

इस परीक्षा के अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु विचारित सूची दिनांक 11 दिसंबर 2024 को जारी की गई। विचारित सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित किये गये अभ्यर्थियों को दिनांक 11 दिसंबर 2024 को जारी परिणाम में 15 दिवस का समय देते हुए एवं प्रेस नोट दिनांक 30 दिसंबर 2024 के माध्यम से विस्तृत आवेदन पत्र आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड कर 02 प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर मय समस्त शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति दिनांक 8 जनवरी 2025 तक आवश्यक रूप से आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया था। आयोग द्वारा निर्धारित दिनांक तक जिन अभ्यर्थियों ने विस्तृत आवेदन पत्र जमा नहीं करवाये हैं उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए आयोग की वेबसाईट से विस्तृत आवेदन पत्र डाउनलोड कर 02 प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर मय समस्त शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति के दिनांक 30 जनवरी 2025 तक प्रस्तुत करने हेतु आवश्यक रूप से निर्देशित किया जाता है। निर्धारित दिनांक तक विस्तृत आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर आयोग द्वारा ऐसे अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया जायेगा जिसके लिए ऐसे अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## भीलवाडा जिले में डीएसटी टीम की बड़ी कार्रवाई

# अफीम डोडा चूरा तस्करी में एक साल से फरार ट्रक मालिक गिरफतार, 15,000 रूपये का ईनामी

● पदमावत मीडिया

**भीलवाड़ा ।** जिले की स्पेशल टीम ने अफीम डोडा चूरा तस्करी के मामले में 1 साल से फरार चल रहे ट्रक मालिक कन्हैया लाल पुत्र हीरा लाल (25) निवासी भादसौडा चित्तौड़गढ़ को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर 15 हजार का इनाम घोषित है। इस कार्रवाई में डीएसटी के कानिस्टेबल अमृत सिंह व ऋषिकेश की विशेष भूमिका रही।

एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि 31 मार्च 2024 को थाना पुर पुलिस टीम द्वारा एनएच 48 पर ओवर ब्रिज के नीचे नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रहा हरियाणा नंबर के एक ट्रक कन्टेनर का चालक नाकाबन्दी को देख यू टर्न कर भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने ट्रक कन्टेनर को रोका जिसमें स्टील के पुराने बर्तन के स्क्रैप की आड़ में 564 किलो 200 ग्राम तस्करी किया जा रहा अवैध अफीम डोडा चूरा जब्त किया गया। जिसका अग्रिम



अनुसंधान एसएचओ सुभाष नगर शिवराज गुर्जर द्वारा किया जा रहा था। वांछित अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एएसपी पारस मल जैन व सीओ श्याम सुन्दर के सुपरविजन एवं एसएचओ शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित कि गई। अनुसंधान अधिकारी के नेतृत्व मे गठित डीएसटी टीम द्वारा ईनामी वांछित अपराधी की गिरफ्तारी के लिए डीएसटी टीम द्वारा लगातार पीछा करते हुए सीरोडी माईन्स चितौडगढ से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में प्रोबेशनर आईपीएस जतिन जैन, एसएचओ शिवराज गुर्जर व डीएसटी से हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश, कांस्टेबल ऋषिकेश व अमृत सिंह एवं साइबर सेल से हेड कांस्टेबल सत्यनारायण शामिल थे।

## राउमावि शोभागपुरा में वार्षिकोत्सव व पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शोभागपुरा में वार्षिकोत्सव व पुरूस्कार वितरण समारोह 2025 ÷आशा÷ का आयोजन किया गया। कार्यकम में बड़गांव प्रधान श्रीमती प्रतिभा नागदा उप प्रधान प्रताप सिंह राठौड, सरपंच श्रीमती जशोदा डांगी, समाजसेवी मुकेश जोशी, गोपीलाल डांगी आदि बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थाप्रधान सुनीता धनखड ने की। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यालय भामाशाह प्रेरक, प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने यहां कला प्रदर्शनी का अवलोकन कर विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हुई। संचालन स्मिता राठौड ने किया जबकि आभार मो. सलीम ने जताया।

# प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** संतुष्टा फाउंडेशन और एच.जी. फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा पर दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र, बड़गांव, उदयपुर (राजस्थान) में किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ गरिमा उपाध्याय, रचना मोदी, दीपा यादव, कांता चौबीसा और मधुबाला मेघवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संतुष्टा फाउंडेशन की ओर



से सीईओ शुभम पुरोहित, शिप्रा गौड़, धीरज शर्मा और उषा चौधरी ने विशेष भूमिका निभाई। संतुष्टा फाउंडेशन और एच.जी. फाउंडेशन ने इस कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों के समग्र विकास के लिए जागरूकता और प्रशिक्षण प्रदान करना रखा। कार्यशाला में प्रतिभागियों को सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया। सीडीपीओ गरिमा उपाध्याय ने संतुष्टा फाउंडेशन और एच.जी. फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों तक शिक्षा और सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यशाला के दौरान संतुष्टा फाउंडेशन और एच.जी. फाउंडेशन ने विभिन्न गतिविधियों और समूह चर्चाओं का आयोजन किया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यशाला, संतुष्टा फाउंडेशन और एच.जी. फाउंडेशन के प्रयासों से, महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

## नागौर जिले में थाना कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# पैरोल से फरार बदमाश फर्जी नम्बर प्लेट लगी स्कार्पियो मय हथियारों के साथ साथी समेत गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**जयपुर/नागौर।** नागौर जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर पैरोल से फरार चल रहे आरोपी खेमाराम जाट पुत्र रामाकिशन (32) निवासी मकौडी थाना श्रीबालाजी एवं साथी मुकेश जाट पुत्र बुधराम (21) निवासी दस्सुसर थाना राजलदसर चुरू को गिरफ्तार कर एक अवैध पिस्टल .30 बोर मय दो मैगजीन, 31 जिन्दा कारतूस, एक फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुई स्कॉर्पियो गाड़ी एवं एक ही नम्बर की दो नम्बर प्लेटें जब्त की है। एसपी नारायण टोगस ने बताया कि वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं अवैध हथियारों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभावी कार्रवाई के लिए एएसपी सुमित कुमार तथा सीओ रामप्रताप विश्नोई के सुपरविजन एसएचओ कोतवाली वेदपाल शिवराण के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल महावीर मय टीम द्वारा आरोपियों को एक अवैध पिस्टल मय कारतूस, र्स्कोपियों व फर्जी नम्बर प्लेटों सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त खेमाराम को 7 अक्टूबर से 06 नवम्बर 2024 तक पैरोल मिली थी। पैरोल जम्प कर आरोपी फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। इसके विरुद्ध पूर्व में हनुमानगढ के गोलूवाला व झालावाड़ के थाना भवानीमण्डी में एनडीपीएस एक्ट व थाना श्रीबालाजी




नागौर में 307 आईपीसी में तथा मुकेश के विरूद्ध राजलदेसर चुरू में पोक्सो एक्ट में प्रकरण दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसएचओ वेदपाल शिवराण, हेड कांस्टेबल महावीर, कांस्टेबल ओमप्रकाश व गरीबा राम की विशेष भूमिका रही।

# पायड़ा में वास्तु विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ प्राण प्रतिष्ठ महोत्सव सम्पन्न

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** श्री देहात दिगम्बर जैन चित्तौड़ा समाज सेवा संस्थान, उदयपुर की ओर से नवनिर्मित समाज भवन की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का समापन वास्तु विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ हुआ। प्रवक्ता संजय जैन गुडलिया व कविश गुडलिया ने बताया कि पायड़ा स्थित श्री पद्मप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर स्थित समाज भवन के दो दिवसीय समारोह में दूसरे दिन शुक्रवार 24 जनवरी को सुबह 9 बजे मूलनायक भगवान पर शांतिधारा एवं महा अभिषेक किया गया।



उसके बाद वास्तु विधान, विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हुआ। अध्यक्ष राजेश परतियोत ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर विधायक ताराचंद जैन, सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष शांतिलाल वेलावत, विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रमोद सामर, पारस सिंघवी, सुरेश पद्मावत मौजूद रहे। महामंत्री भंवरलाल सिंयावत व समाज सेठ धनराज सकावत ने बताया कि आर्यिका नमनश्री व विनयप्रभा के सान्निध्य में प्रतिष्ठाचार्य अभिषेक मुन द्वारा भवन की प्राण प्रतिष्ठा की पूजा विधि सम्पन्न करवाई। उसके बाद पायड़ नगर परिक्षेत्र में श्रीजी को रजतपालकी में विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भवन के मुख्य सहयोगकर्ता माणकचंद, राजेश विनोद परतियोत, शिलान्यास कर्ता अनिल कुमार, प्रवीण कुमार सकरावत थे। हॉल निर्माण में कालूलाल, मोतीलाल, अर्जुनलाल गुडलिया थे। झड़ारोहण भंवरलाल, महिपाल व पुष्पेन्द्र सिंयावत ने किया। कार्यक्रम में अंत में सभी श्रावक-श्राविकाओं का भव्य स्वामीवात्सल्य का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सेठ शांतिलाल नागदा, पारस वसिया, अनिल गुडिया, डॉ. ज्योति बाबू शास्त्री, ओमप्रकाश तितरडिया, सुमतिप्रकाश वालावत, कुन्थुकुमार गणपतोत, सुमतिलाल दुदावत, सुन्दरलाल डागरिया, प्रकाश सिंघवी आदि ने भी विचार रखे। इस अवसर सुरेश चिबोडिया, दीपक चिबोडिया, कालूलाल गुडलिया, कमलेश चिबोडिया, रमेश कुमार चिबोडिया, सुन्दरलाल नवाणिया, भंवरलाल गोटी, अनिल सकरावत, माणकचंद परतियोत, प्रकाश अदवासिया, मांगीलाल सलूम्बरिया, वरदीचंद सेमालिया, अरविंद कुमार पेमावत, शांतिलाल गरडिया, पियुष गरडिया, संजय कुमार चिबोडिया, अर्जुनलाल गंगरामजियोत, मदन रणावत, धनराज सकावत,रोशनलाल हीरावत, प्रकाशचन्द्र गुडिया, मुम्बई, जावद, झाड़ोल, देवपुरा सहित कई जगहों से श्रावक-श्राविकाएं मौजूद रहे।

# उत्साह और उमंग से भरपूर रही गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

## डीजीपी श्री कैलाश मकवाणा एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया जायजा

## हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनेगा गौरवशाली 76 वां गणतंत्र दिवस

● पदमावत मीडिया



**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। मुख्य समारोह 26 जनवरी को प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य में लाल परेड मैदान में प्रातः 9 बजे आयोजित होगा। गणतंत्र दिवस समारोह में निकलने वाली संयुक्त परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास शुक्रवार को लाल परेड मैदान पर किया गया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने परेड एवं समारोह की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल के दौरान सातवीं बटालियन के प्रधान आरक्षक रामचन्द्र सिंह कुशवाहा ने प्रतीक स्वरूप मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई और ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी ली। हर्ष फायर के बीच पुलिस बैंड ने निरीक्षक सुनील कटारे के निर्देशन में जन गण मन की धुन बजाई।

मुख्य अतिथि के संदेश का प्रतीक स्वरूप वाचन भी किया गया। हर्ष फायर के बाद पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच आकर्षक संयुक्त परेड निकाली गई। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 2022 बैच के अधिकारी एसीपी इंदौर करणदीप सिंह ने किया। परेड टू आई सी का दायित्व उप पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सोनी ने निभाया। संयुक्त परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, अश्वारोही दल व श्वान दस्ते सहित 20 टुकड़ियां शामिल थीं। संयुक्त परेड में शामिल छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की टुकड़ी का नेतृत्व निरीक्षक सरबराज सिंहा ने किया। इसी तरह केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की टुकड़ी नेतृत्व निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल टुकड़ी का नेतृत्व निरीक्षक संदीप तिवारी, मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल 01 की टुकड़ी का नेतृत्व 6वीं वाहिनी एसएएफ जबलपुर के निरीक्षक विजय चौधरी, एस.टी.एफ टुकड़ी का नेतृत्व निरीक्षक राहुल वर्मन, विशेष सशस्त्र बल व जिला बल महिला टुकड़ी का नेतृत्व निरीक्षक श्रीमती शिल्पा कौरव, जिला बल पुरुष प्लाटून का नेतृत्व निरीक्षक भूपेन्द्र आर्मो, जेल विभाग महिला टुकड़ी का नेतृत्व सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती मनीषा यादव, मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल 02 टुकड़ी का नेतृत्व निरीक्षक राजेश यादव, मध्यप्रदेश होमगार्ड टुकड़ी का नेतृत्व पीसी हेमराज परस्ते, भूतपूर्व सैनिकों टुकड़ी का नेतृत्व सेवानिवृत्त लेफ्टीनेंट कर्नल अनिल भार्गव, एन.सी.सी. सीनियर डिवीजन/एयर विंग/नेवल विंग (बॉयज मिश्रित प्लाटून) टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर ईशु गोस्वामी, एन.सी.सी. सीनियर विंग /एयर विंग/नेवल विंग गर्ल्स टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर कुमारी प्रशंसा, स्काउट्स (बॉयज) टुकड़ी का नेतृत्व मोहित तिवारी, गर्ल्स गाइड टुकड़ी का नेतृत्व कुमारी खुशी आमवंशी, पुलिस (बॉयज) टुकड़ी का नेतृत्व श्लोक तिवारी, शौर्य दल प्लाटून का नेतृत्व कुमारी नीलम परमार, मध्यप्रदेश पुलिस बैंड का नेतृत्व निरीक्षक सुनील कटारे, श्वान दल का नेतृत्व निरीक्षक प्रकाश नारायण शर्मा एवं अश्वारोही दल का नेतृत्व निरीक्षक राकेश कुमार गौड़ ने किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की फाइनल रिहर्सल भी हुई

संयुक्त परेड के पश्चात विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों एवं संस्कृति विभाग के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अंतिम अभ्यास किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अशासकीय सेंट पॉल को-एड हायर सेकेण्ड्री स्कूल आनंद नगर भोपाल के 180 विद्यार्थियों ने ÷भारतीय संस्कृति की गाथा थीम गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। वहीं हेमा हायर सेकण्ड्री स्कूल गोविंदपुरा के 180 विद्यार्थियों ने भारतीय कला संस्कृति और विरासत थीम पर नृत्य की प्रस्तुति दी। होली फैमिली हायर सेकेण्ड्री स्कूल गांधीनगर भोपाल के 180 बच्चों ने एकभारत श्रेष्ठभारत की थीम पर नृत्य किया। रिहर्सल के दौरान संयुक्त रूप से 04 शासकीय स्कूलों के 80 विद्यार्थियों ने देशप्रेम प्रदर्शित करते नृत्य ÷रक्षमाम् (धरती की पुकरा)÷ की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही मध्य प्रदेश के लोकनृत्यों और लोकगीतों की भी सुमधुर प्रस्तुतियां दी गईं। इसमें गोण्ड जनजातीय का ठाठ्या लोकनृत्य और कोरकू जनजातीय का गदली, थापटी एवं ढ़ांढल लोकनृत्यों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान 200 कलाकारों ने प्रस्तुति देकर सभी उपस्थितजन को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### 22 झाकियां करेंगी गणतंत्र दिवस की परेड में प्रतिभाग

गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान उद्यानिकी विभाग, आयुष विभाग, उद्योग विभाग, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, खेल और युवा कल्याण विभाग, गृह विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, जेल विभाग, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पर्यटन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, वन विभाग, सहकारिता विभाग एवं संस्कृति विभाग की झांकियां प्रतिभाग करेंगी।

### इनकी रही उपस्थिति

फुल ड्रेस अभ्यास परेड के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एसएएफ राकेश गुप्ता, भोपाल की डिप्टी कमिश्नर श्रीमती किरण गुप्ता और भोपाल पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह- 2025
# मुख्य समारोह में 14 व एट होम कार्यक्रम में 21 को होगा सम्मान

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह- 2025 में 17 पुलिसकर्मियों सहित कुल 35 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इनमें से 14 को मुख्य समारोह में तथा 21 को एट होम कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल महोदय सम्मानित करेंगे।सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी सूची के अनुसार महाराणा भूपाल स्टेडियम में 26 जनवरी को होने वाले मुख्य समारोह में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) एवं साइबर क्राइम, हाल कार्मिक सचिन मित्तल तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलिजेंस हाल निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी एस. सेंगाथिर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा जिला कलक्टर सलूम्बर जसमीतसिंह संधू, आयोजना विभाग की संयुक्त सचिव डॉ मंजू विजय, उद्यान आयुक्तालय जयपुर के संयुक्त निदेशक राजेंद्रसिंह, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय बीकानेर के सहायक आचार्य सुरेश कुमार झीरवाल, राजीविका के परियोजना निदेशक (प्रशासन) अजयकुमार आर्य, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय जयपुर के उपनिदेशक राजीव कुमार श्रीवास्तव, कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अनुभागाधिकारी अवधेश कुमार गुप्ता, कार्मिक विभाग शासन सचिवालय जयपुर के अनुभागाधिकारी जोगेंद्रिसह, सहायक अनुभागाधिकारी संजय शुक्ला, आयुर्वेद निदेशालय अजमेर के संस्थापन अधिकारी महेश कुमार शर्मा, तीसरी बटालियन आरएसी बीकानेर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी सुशीलकुमार मीणा तथा उपखण्ड दांतारामगढ़ सीकर के वरिष्ठ सहायक अशोक कुमार स्वामी को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इसी क्रम में 25 जनवरी को सहेलियों की बाड़ी में प्रस्तावित एट होम कार्यक्रम में बांसवाड़ा के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानसिंह भाटी, पुलिस दूरसंचार अजमेर रेंज के तत्कालीन उपाधीक्षक व हाल एएसपी एसीबी जालौर वेदप्रकाश, सांचौर के तत्कालीन वृत्ताधिकारी व हाल एएसपी एसीबी जोधपुर मांगीलाल राठौड़, रिजर्व पुलिस लाइन उदयपुर के तत्कालीन आरआई व हाल उपाधीक्षक पुलिस दूरसंचार उदयपुर के अनिलकुमार रेवड़िया, पुलिस मोटर ड्राइविंग स्कूल बीकानेर के पुलिस निरीक्षक री गुरजिन्द्रसिंह को पुलिस पदक से नवाजा जाएगा। इसी प्रकार एसओजी जयपुर के तत्कालीन एसआई व हाल निरीक्षक झुंझुनूं गोपालसिंह जांगिड़, मुख्यमंत्री सुरक्षा जयपुर के उपनिरीक्षक सुरेंद्रसिंह शेखावत, पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर के तत्कालीन प्लाटून कमाण्डर व हाल महाराणा प्रताप बटालियन प्रतापगढ़ के कंपनी कमाण्डर हवासिंह, जिला विशेष शाखा जयपुर के सहायक उप निरीक्षक कल्याण सहाय शर्मा, राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर के पुलिस निरीक्षक रामप्रसाद शर्मा, जिला विशेष शाखा जयपुर ग्रामीण के सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल जाट, सीआईडी एसएसबी जयपुर के सहायक उप निरीक्षक पप्पू कुमावत, एमबीसी खेरवाड़ा के तत्कालीन कांस्टेबल नरेंद्रकुमार, प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर के कांस्टेबल छगनाराम तथा एसओजी यूनिट अजमेर के कांस्टेबल रामदेव को भी माननीय राज्यपाल पुलिस पदक से सम्मानित करेंगे।

इसी प्रकार विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए जयपुर की डॉ मनीषा सिंह, जोधपुर के धर्मेंद्र विश्नोई, जोधपुर के मिथलेश श्रीवास्तव, उदयपुर की सुसुनीता मीणा, जोधपुर के संस्कार सारस्वत तथा बाड़मेर के फकीरा खान को राज्यपाल महोदय प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

## सलूंबर जिला कलेक्टर होंगे राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस पर सम्मानित

● पदमावत मीडिया



**सलूंबर ।** 26 जनवरी को उदयपुर में होने वाले गणतंत्र दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह मैं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू होंगे सम्मानित। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस महाराणा भूपाल स्टेडियम उदयपुर में आयोजित होगा । राज्य स्तरीय समारोह के अवसर पर सलूंबर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा । इससे पूर्व जिला कलेक्टर संधू को राष्ट्रीय पुरस्कार सुगम्य भारत अभियान के सफल क्रियान्वयन पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया।

## राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2025
# मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का अंतिम पूर्वाभ्यास

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2025 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। शुक्रवार को समारोह के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम का पूर्ण प्रोटोकॉल और ड्रेसअप के साथ अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में सभी संबंधित प्रभारी अधिकरियों की उपस्थिति में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। महाराणा भूपाल स्टेडियम में शुक्रवार सुबह से ही अंतिम पूर्वाभ्यास का दौर शुरू हुआ। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल, संभागीय आयुक्त सुश्री प्रज्ञा केवलरमानी, आईजी राजेश मीणा, जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल की उपस्थिति में पूर्ण प्रोटोकॉल के साथ पूर्वाभ्यास प्रारंभ हुआ। मुख्य समारोह के लिए निर्धारित मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार अतिथियों का आगमन, ध्वजारोहण, राष्ट्रीय अभिवादन, राष्ट्रगान व परेड निरीक्षण व मार्चपास्ट की फाइनल रिहर्सल की गई। राज्यपाल महोदय के संबोधन, पदक एवं योग्यता प्रमाण पत्र वितरण, लोककलाकारों तथा स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, घुड़सवारी शॉ, बैण्ड वादन आदि का भी पूर्ण ड्रेसअप के साथ प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान युडीए आयुक्त राहुल जैन, एडीएम प्रशासन दीपेंद्रसिंह राठौड़, एडीएम सिटी वारसिंह, सीईओ जिला परिषद हेमेंद्र नागर, गिर्वा एसडीएम रिया डाबी, टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर सहित सभी प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### तैयारियों को दिया अंतिम रूप

महाराणा भूपाल स्टेडियम, सहेलियों की बाड़ी तथा फतहसागर की पाल पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मुख्य समारोह स्थल पर संभागीय आयुक्त व जिला कलक्टर ने एक-एक व्यवस्था को चेक किया तथा आवश्यक सुधार को लेकर निर्देशित किया। इसी प्रकार सहेलियों की बाड़ी में प्रस्तावित एट होम तथा फतहसागर की पाल पर होने वाली सांस्कृतिक संध्या को लेकर भी व्यवस्थाएं देखी।

## राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024

### 30 जनवरी को अपलोड किए जाएंगे प्रवेश-पत्र

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 का आयोजन 2 फरवरी 2025 को दोपहर 12 से 3 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा में ओएमआर उत्तर पत्रक के पांचवे विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।आयोग सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी उक्त परीक्षा हेतु आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी 26 जनवरी 2025 से एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकेंगे। परीक्षा के प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर 30 जनवरी 2025 को जारी किए जाएंगे। इस अनुसार अभ्यर्थी यथाशीघ्र प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा केन्द्र पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अतः अभ्यर्थी परीक्षा के दिन परीक्षा प्रारंभ होने के लिए नियत समय से पर्याप्त समय पूर्व परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक रूप से उपस्थित हो जाएं ताकि सुरक्षा जांच एवं पहचान का कार्य समय पर पूर्ण हो सके। देरी से आने पर तलाशी में समय लगने के कारण परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को पहचान हेतु परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा। यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी अथवा अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र यथा मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिसमें रंगीन एवं नवीनतम स्पष्ट फोटो हो, लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होवें। इसके साथ ही अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र पर भी नवीनतम रंगीन फोटो ही चस्पा करना सुनिश्चित करें। स्पष्ट मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र के अभाव में परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन अवश्य कर लेवें। आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आएं। यदि कोई परीक्षा में पास कराने के नाम पर रिश्वत की मांग या अन्य कोई प्रलोभन व झांसा देता है तो प्रमाण सहित इस संबंध में जांच एजेंसी एवं आयोग कंट्रोल रूम नंबर 0145-2635200, 2635212 एवं 2635255 पर सूचित करें। परीक्षा में अनुचित साधन अपनाये जाने एवं अनुचित कृत्यों में संलिप्त होने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के तहत आजीवन कारावास, 10 करोड़ रुपए तक के जुर्माने से दण्डित एवं चल अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त की जा सकती है।

# गणतंत्र दिवस का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ

### जिला कलेक्टर ने किया व्यवस्थाओं का अवलोकन



● पदमावत मीडिया

**सलूंबर।** गणतंत्र दिवस पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूंबर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह के कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास शुक्रवार को हुआ जिसमें जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत ने अंतिम पूर्वाभ्यास देखा व कार्यक्रमों का जायजा लिया। अंतिम पूर्वाभ्यास के दौरान मार्च पास्ट का आयोजन हुआ जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने इस दौरान गणतंत्र दिवस पर होने वाले मुख्य समारोह से जुड़े संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को देखते हुए कार्यक्रमों का बेहतर आयोजन करावे। उन्होंने इस दौरान स्टेडियम की सफाई व्यवस्था के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने व बैठक व्यवस्था भी सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिले के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमो का भी पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजलक्ष्मी गहलोत, आयुक्त नगर परिषद गणपत लाल खटीक उप पुलिस अधीक्षक बनवारी लाल मीणा, पीआरओ पुष्पक मीणा सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शहर विधायक जैन ने किया पशु क्रूरता निवारण पत्रक का विमोचन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** पशु कल्याण पखवाड़े के तहत पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान द्वारा पशु क्रूरता निवारण विषय पर प्रकाशित पत्रक का विमोचन शुक्रवार को उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने किया। उन्होंने सभी आमजन से आग्रह किया कि वे पशुओं पर होने वाली क्रूरता की रोकथाम की पहल करे एवं अपने जिविकोपार्जन के लिए उन्नत पशुपालन का कार्य करे। उन्होंने पशुपालकों से राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना से जुड़कर लाभान्वित होने का भी आह्वान किया। इस अवसर पर विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी, वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. पदमा मील, डॉ. ओमप्रकाश साहू, पशुपालन डिप्लोमा की छात्रा निष्ठा रावल, डिम्पल कुमारी सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर पशु कल्याण पखवाड़े के तहत जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया। इस रैली में पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थियों द्वारा चेटक चौराहे पर विभाग द्वार प्रकाशित पशु क्रूरता निवारण पत्रकों का वितरण किया गया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज उदयपुर में

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 जनवरी से उदयपुर जिले के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री 25 जनवरी अपराह्न 2.40 बजे विमान से डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा प्रस्थान कर 3.05 बजे सर्किट हाउस आएंगे। शर्मा अपराह्न बाद 3.50 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर सहेलियों की बाड़ी पहुंचकर एट होम कार्यक्रम में भाग लेंगे। शाम 5.05 बजे वहां से प्रस्थान कर सर्किट हाउस आएंगे। माननीय मुख्यमंत्री शाम 6.20 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर फतहसागर की पाल पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंचेंगे। 7.55 बजे फतेहसागर की पाल से प्रस्थान कर सर्किट हाउस आएंगे। माननीय मुख्यमंत्री का रात्रि विश्राम सर्किट हाउस में रहेगा। अगले दिन 26 जनवरी को मुख्यमंत्री शर्मा सुबह 8.55 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर टाउन हॉल शहीद स्मारक स्थल आएंगे। वहां शहीदों को नमन करते हुए पुष्प चक्र अर्पित करेंगे। सुबह 9.10 बजे टाउन हॉल से प्रस्थान कर महाराणा भूपाल स्टेडियम आएंगे तथा राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री शर्मा 11.55 बजे स्टेडियम से प्रस्थान कर सर्किट हाउस आएंगे। दोपहर 12.45 बजे डबोक एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.05 बजे डबोक एयरपोर्ट पहुंच कर विमान द्वारा जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## उदयपुर में 14 ओबीसी समाजों को आंवटित भूमि दिलाने की मांग
# एडीएम सिटी को मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री के नाम दिया ज्ञापन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उदयपुर में 14 ओबीसी समाजों को 10 प्रतिशत राशि पर आवंटित कि गई।जिसकी राशि भी जमा करवा दी गई परंतु सरकार बदलते ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार ने आवंटित भूमि को पुनः समीक्षा के नाम पर रोक लगा दी। जिससे समाजों को अभी तक भूमि नहीं मिल पाई, जिससे ओबीसी समाज में भारी रोष व्याप्त हैं। सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट उदयपुर द्वारा मुख्यमंत्री व नगर विकास मंत्री राजस्थान सरकार के नाम एडीएम सिटी वार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गई कि आवंटित भूमि समाजों को शीघ्र दिलाई जाएं ,ताकि उस भूमि पर निर्माण कार्य करवाया जा सके। और समाजों के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम हों सकें। ज्ञापन देने में सभी समाजों के अध्यक्ष, सर्व ओबीसी समाज महापंचायत ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पी एस पटेल, महासचिव सुर्य प्रकाश सुहालका, सचिव राजेंद्र सेन, कोषाध्यक्ष बाल कृष्ण सुहालका, किसन राव व अशोक मेवाड़ा सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे ।

# राजस्थान विद्यापीठ में ओझा स्मृति व्याख्यान माला पुनः होगी शुरु

## मेवाड़ जनशक्ति दल के पदाधिकारियों ने कुलपति से मिलकर की चर्चा

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** मेवाड़ जनशक्ति दल के पदाधिकारियों ने जनार्दनराय राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति शिवसिंह सारंगदेवोत से भेंट की। मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश शर्मा व मार्गदर्शक गिरीश जोशी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को माणिक्य लाल वर्मा विवि के कुलपति शिवसिंह सारंगदेवोत से मिलकर महामहोपाद्याय गौरीशंकर हीराचंद ओझा स्मृति व्याख्यान माला पुनः आरम्भ करने का आग्रह किया। जिसे कुलपति ने सहज ही स्वीकार कर दिया। स्मरणीय है कि मेवाड़ और समूचे राजस्थान के महनीय इतिहासकार वा गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में हिन्दी भाषा के लिपीमाला ग्रन्थ के नाम पर प्रथम प्रकाशित ओझा जी के नाम से पूर्व में यह चैयर निरंतर थी पर किंचित् कारण से बाधित हुई उसे शीघ्र आरम्भ करने का कुलपति जी ने विश्वास दिया । इसी क्रम में महाराणा सज्जन सिंहजी के गुरु व सत्यार्थ प्रकाश के प्रणेता, विद्याप्रसारिणी सभा सहित, राजकीय मुद्रणालय, राजार्य सभा आदि विभागों का नामकरण करने वाले महर्षि दयानन्द सरस्वती जी के नाम से भी चैयर गठित करने का विश्वास दिया । इस अवसर पर कुलपति जी ने स्वच्छ उदयपुर अभियान के पोस्टर का विमोचन किया । सारंगदेवोत जी को अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया व रामलला की तस्वीर भेंट की।

# महाराणा भूपाल स्टेडियम बनेगा 76वें गणतंत्र दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का साक्षी

● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** शौर्य, बलिदान और भक्ति की धरा उदयपुर का महाराणा भूपाल स्टेडियम 10 सालों के अंतराल के बाद एक फिर राष्ट्रीय पर्व पर राज्य स्तरीय मुख्य समारोह का साक्षी बनने जा रहा है। 76वें गणतंत्र दिवस पर शनिवार को माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागड़े महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सहित कई मंत्रीगण एवं अतिविशिष्ट अतिथि भाग लेंगे। इससे पूर्व 25 जनवरी को शाम 4 बजे ऐतिहासिक और नैसर्गिक सौंदर्य की पर्याय सहेलियों की बाड़ी में एट होम कार्यक्रम तथा शाम 6 बजे फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक संध्या भी आयोजित होगी।

## यह रहेगा कार्यक्रम

एट होमः सहेलियों की बाड़ी में 25 जनवरी को शाम 4 बजे एट होम कार्यक्रम होगा। इसमें माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री सहित विशिष्ट जन भाग लेंगे। इस दौरान कला, साहित्य एवं विभिन्न सेवा क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले महानुभावों को सम्मान पत्र तथा चयनित पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे। सेंट्रल बैण्ड की ओर से प्रस्तुति भी दी जाएगी। सांस्कृतिक संध्याः फतहसागर की मुख्य पाल पर 25 जनवरी को शाम 6 बजे सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। माननीय राज्यपाल एवं माननीय मुख्यमंत्री द्वारा पाल पर फ्लावर शॉ और भारतीय सेना की अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शनी का भी शुभारंभ होगा। इसके तहत मोतीमगरी से ड्रोन शॉ प्रदर्शित किया जाएगा।शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पणः 26 जनवरी को सुबह 8.45 बजे नगर निगम टाउन हॉल परिसर स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित करने संबंधी कार्यक्रम होगा। इसमें माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री एवं स्टेशन कमाण्डर की ओर से शहीद स्मारक स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर देश के लिए प्राणों को न्यौछावर करने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सैनानियों, सैन्य जवानों को नमन किया जाएगा।गणतंत्र दिवस मुख्य समारोहः मुख्य समारोह 26 जनवरी को सुबह महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित होगा। इसमें 9.30 बजे माननीय राज्यपाल ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी लेंगे। राज्यपाल महोदय के संबोधन उपरान्त राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए चयनित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) श्री सचिन मित्तल तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक इंटेलीजेंस, हाल निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी श्री एस.सेंगाथिर को राज्यपाल महोदय की ओर से प्रशस्ति पत्र व पदक से सम्मानित किया जाएगा। इसके पश्चात लोक कलाकारों तथा स्कूली बच्चों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। पुलिस की घुड़सवारी विंग की ओर से आकर्षक घुड़सवारी शॉ प्रस्तुत किया जाएगा। आर्मी, सेंट्रल बैण्ड तथा दो विद्यालयों की टीमों द्वारा बैण्डवादन किया जाएगा। इसके पश्चात 6 विभागों और 11 जिलों की झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

## गुरु गुणगान के साथ मनाया गणतंत्र उत्सव

# महा साध्वी सोहन कुवंर महिला समिति की मासिक बैठक सम्पन्न




● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** महा साध्वी सोहन कुवंर महिला समिति की मासिक बैठक शुक्रवार को गुरुदेव जिनेंद्र मुनि महाराज के सानिध्य में तारक गुरु जैन ग्रंथालय में नवकार महामंत्र जाप से हुई। सचिव नीता छाजेड़ ने समिति सदस्यों का शब्दों द्वारा नए वर्ष पर स्वागत किया। सभी ने गुरु गुणगान, ध्यान एवं धर्म चर्चा करी। अंत में देशभक्ति गीतों से गणतंत्र उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया। हेमा सिंघवी ने सभी का धन्यवाद किया।

# बिना दस्तावेज वाले 18 हजार भारतीयों का क्या होगा विदेश मंत्रालय ने अपने बयान से इरादें कर दिए साफ



● पदमावत मीडिया

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अवैध अप्रवासन के सख्त खिलाफ हैं। खासकर इसलिए भी क्योंकि इसका वास्ता संगठित अपराध से है। कई देशों में ऐसा होता भी आ रहा है। बाहर में कोई अवैध रूप से रह रहा है। उस व्यक्तिगत शख्स ने स्थापित किया कि वो भारतीय नागरिक है, तो हमारे दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले हैं। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं तो दावा किया जा रहा है कि भारत के 18 से 20 हजार ऐसे लोग हैं जो अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे हैं। भारत उन्हें वापस लाने के लिए ट्रंप सरकार से बात कर सकता है। अमेरिका के नए विदेश मंत्री मार्को रूबियो और विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बात भी की है। उन्होंने कहा है कि हम इस मुद्दे को लेकर बेहद ही गंभीर हैं और भारत सरकार को इसे हल करना होगा। वहीं विदेश मंत्रालय ने अपनी साप्ताहिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसको लेकर बात की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अवैध माइग्रेशन और ट्रेड दोनों अलग अलग चीजें हैं। हमारा रवैया, नीति पॉलिसी और नजरिया अवैध माइग्रेशन को लेकर बेहद साफ है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अवैध अप्रवासन के सख्त खिलाफ हैं। खासकर इसलिए भी क्योंकि इसका वास्ता संगठित अपराध से है। कई देशों में ऐसा होता भी आ रहा है। बाहर में कोई अवैध रूप से रह रहा है। उस व्यक्तिगत शख्स ने स्थापित किया कि वो भारतीय नागरिक है, तो हमारे दरवाजे उनके लिए हमेशा खुले हैं। गौरतलब है कि अनुमानित 20 हजार अप्रवासी इस वक्त अमेरिका में है। इनमें से करीब 2 हजार के लगभग वहां की डिटेंशन सेंटर में बंद हैं। यूएस कस्टम एंड इमीग्रेशन ने 2 हजार भारतीयों को हटाने का फाइनल ऑर्डर दे दिया है। बाकी के 18 हजार को लेकर भी चर्चा चल रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जहां तक ट्रेड से जुड़े मुद्दों की बात है तो भारत और अमेरिका के बीच में द्विपक्षीय संबंध बहुत मजबूत हैं। दोनों देशों के रिश्तों में भरोसे का भाव काफी ऊंचा है। आपने देखा होगा कि जब विदेश मंत्री की अमेरिका की यात्रा हुई तो उन्होंने अपने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा भी कि दोनों तरफ से ये मंशा है कि इस रिश्ते को और मजबूत किया जाए। इसे बड़े पैमाने पर बड़े सोच के साथ आगे लिया जाए।

# छात्राओं को मिलेंगे एक हजार रुपये, मुख्यमंत्री सुक्खू ने की घोषणा

● पदमावत मीडिया

**शिमला एजेंसी।** शुक्रवार को बालिका दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) धर्मशाला में स्कूल की सभी 351 छात्राओं को 1000-1000 रुपये प्रदान करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बालिका दिवस के अवसर पर जिला कांग?ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) धर्मशाला में छात्राओं से बातचीत की और स्कूल की सभी 351 छात्राओं को 1000-1000 रुपये प्रदान करने की घोषणा की। स्कूल का निरीक्षण करने के उपरांत मुख्यमंत्री ने बालिका दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज मैं सभी से सीखने आया हूं, ताकि शिक्षा में सुधार के लिए कदम उठाए जा सकें। उन्होंने कहा कि मैं भी सरकारी स्कूल में पढ़ा हूं लेकिन अब सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कमी देखी जा रही है।

# दूल्हे ने खुद संपन्न कराई अपनी शादी मंत्र पढ़कर दुल्हन संग लिए सात फेरे, देखते रह गए पंडित जी



● पदमावत मीडिया

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान के विवेक कुमार की बरात हरिद्वार गई थी। वहां विवेक ने कहा कि वह अपने विवाह के संस्कार खुद ही संपन्न कराएगा। इस शादी का वीडियो वायरल हो रहा है। विवाह जैसे पवित्र बंधन में बंधने के दौरान एक दूल्हे ने अपनी शादी में खुद ही मंत्र पढ़कर सभी को चौंका दिया। दूल्हे ने अपनी शादी की समस्त धार्मिक क्रियाएं खुद ही संपन्न कराईं। रामपुर मनिहारान के मोहल्ला कायस्थान निवासी प्रवीण कुमार के बेटे विवेक कुमार की बरात अनिल कुमार के यहां गांव कुंजा बहादुरपुर जिला हरिद्वार गई थी। बरात की आवभगत के बाद दूल्हा-दुल्हन ने स्टेज पर एक दूसरे को वरमाला पहनाई। जब दूल्हा-दुल्हन फेरे लेने के लिए हवन के सामने बैठे तो दूल्हे ने कहा कि वह अपने विवाह के संस्कार खुद ही संपन्न कराएगा, मंत्र आदि भी खुद ही पढ़ेगा। यह बात सुनकर सभी लोग अचंभित रह गए। दूल्हे ने कहा कि उसे मंत्र आते हैं। इसके बाद दूल्हे विवेक ने खुद मंत्र पढ़ते हुए अपनी शादी संपन्न कराई। गांव में यह शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। विवेक पहले समाचार पत्र बांटने का काम करता था। अब वह गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय से बीफार्मा कर रहा है। विवेक ने बताया कि उसकी धार्मिक कर्मकांड में गहरी आस्था है। इसके चलते ही उसने वैदिक मंत्रों को सीखा है।

# दुर्गापुरी क्षेत्र से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

● पदमावत मीडिया

**देहरादून एजेंसी।** उत्तराखंड में पहले भी कई बार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है, जो यहां अवैध रूप से रह रहे हैं। दुर्गापुरी से पकड़े गए नागरिग को लेकर अभी जांच चल रही है। कोटद्वार में खुफिया विभाग ने भाबर के दुर्गापुरी क्षेत्र से गुरुवार देर रात एक बांग्लादेशी नागरिग को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नागरिक का नाम मारूफ(43) बताया जा रहा है। पुलिस और इंटेलीजेंस की टीम उससे पूछताछ में जुटी है।

# तालिबान को ट्रम्प ने दे डाली खुली धमकी

● पदमावत मीडिया

**वाशिंगटन एजेंसी।** एक रैली के दौरान ट्रंप ने कहा कि अफगानिस्तान चाहता है कि अगर उसकी आर्थिक स्थिति को सुधारा जाए और अमेरिका उसकी थोड़ी बहुत मदद करें तो उसे अमेरिका के एयरक्राफ्ट, एयर टू ग्राउंड एमूनेशन, गा?ियां, कम्युनिकेशन एकपमेंट्स लौटने होंगे। अगर हम अफगानिस्तान को बिलियंस डॉलर्स दे रहे हैं तो बदले में उन्हें हमारा सामान लौटाना हीं होगा। इस पूरे मामले पर तालिबानी प्रवक्ताओं की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया। ट्रप के आने के बाद से लगातार ऐसी परिस्थितियों बन रही है की कई देश तनाव में हैं। दबाव में हैं। कई देशों को ट्रंप खुली धमकी की भी दे रहे हैं, तो कई देश ट्रम्प को आंखें भी दिखाने की तैयारी कर रहे हैं। लेकिन इन सब के बीच अब एक नया तनाव देखने को मिल रहा है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनाम ट्रंप हो गया है।

# ब्रिटेन में तीन स्कूली छात्राओं की चाकू घोंपकर हत्या करने वाले किशोर को आजीवन कारावास

● पदमावत मीडिया

**लंदन एजेंसी।** न्यामूर्ति गूज ने कहा, ''उसे अपनी पूरी जिंदगी हिरासत में ही गुजारनी होगी। मुझे लगता है कि संभवत~ उसे कभी रिहा नहीं किया जाएगा और वह अपनी पूरी जिंदगी हिरासत में ही रहेगा। गत जुलाई में उत्तर-पश्चिमी इंग्लैंड के साउथपोर्ट में टेलर स्विफ्ट थीम पर आधारित योग और नृत्य कार्यशाला में तीन स्कूली छात्राओं की चाकू घोंपकर हत्या करने का अपराध स्वीकार करने वाले 18 वर्षीय हमलावर को बृहस्पतिवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। इसके तहत उसे पैरोल पर विचार करने से पूर्व न्यूनतम 52 वर्ष की सजा होगी। एक्सल रुदाकुबाना (जो घातक हमले के समय 17 वर्ष का था) ने यह भी स्वीकार किया कि उसने साउथपोर्ट के हार्ट स्पेस में योग प्रशिक्षक लीन लुकास और व्यवसायी जॉन हेस के साथ-साथ सात से 13 वर्ष की आयु के आठ अन्य बच्चों की हत्या का प्रयास किया था।

# भांग की खेती पर अध्ययन की मंजूरी, इन कर्मियों को राज्य कैडर का तोहफा



● पदमावत मीडिया

**शिमला/धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में शुक्रवार को धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में कई बड़े फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल ने वर्ष 2023 में आपदा प्रभावित परिवारों के लिए लाए गए विशेष राहत पैकेज को जिला कुल्लू के तांदी गांव में आग की घटना से प्रभावित परिवारों के लिए प्रदान करने का निर्णय लिया। पैकेज के तहत तांदी गांव के प्रभावित परिवारों को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए सात लाख रुपये, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए एक लाख रुपये और गोशालाओं के नुकसान के लिए 50,000 रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, प्रभावित परिवारों को 30 जून 2025 तक मकान के किराए के भुगतान के लिए 5,000 रुपये की मासिक सहायता प्रदान की जाएगी। मंत्रिमंडल ने एम्स नई दिल्ली की तर्ज पर अटल सुपर स्पेशिलिटी आयुर्विज्ञान संस्थान चमियाणा और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय टांडा में रोबोटिक सर्जरी के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक मशीनरी और उपकरणों की खरीद को भी स्वीकृति प्रदान की। मंत्रिमंडल ने वन विभाग के पिछले आदेश में संशोधन को मंजूरी प्रदान कर 15 फरवरी 2025 की कट ऑफ तिथि के साथ कश्मल की ज?ों के निष्कर्षण की अनुमति प्रदान की। इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश वन उपज पारगमन (लेंड रूटस) नियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार 4 जनवरी 2025 से पहले खुले स्थानों से निकाले गए वन उत्पादों के परिवहन के लिए 15 फरवरी 2025 तक की अनुमति प्रदान की। पर्यटकों को सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए कुल्लू बस स्टैंड और पीज पैराग्लाइडिंग प्वाइंट के बीच एक रोपवे की स्थापना को बैठक में मंजूरी दी गई, इससे क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रिमंडल ने ग्रामीण विकास विभाग में खंड विकास अधिकारियों के नौ पद भरने को भी स्वीकृति प्रदान की। बैठक में दो नए मंडल ननखड़ी और खोलीघाट के साथ खराहन सेक्शन बनाकर लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग वृत शाहपुर को पुनर्गठित करने का निर्णय लिया गया।

# युवाओं को आकर्षित करने के लिए सुरक्षा बलों की भर्ती प्रक्रिया में सुधार



● पदमावत मीडिया

**कीव एजेंसी।** यूक्रेन में राष्ट्रपति कार्यालय में हाल में नियुक्त युद्धक्षेत्र कमांडर ने कहा है कि देश अपनी युद्ध क्षमता को मजबूत बनाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए 18 से 25 साल के युवाओं को आकर्षित करने के लिए भर्ती सुधार प्रक्रिया के अंतिम चरण में है।

राष्ट्रपति कार्यालय के उप प्रमुख कर्नल पावलो पालिसा ने पद संभालने के बाद विदेशी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन नए भर्ती विकल्प तलाश रहा है, क्योंकि सोवियत काल से विरासत में मिली वर्तमान भर्ती प्रणाली प्रगति में बाधा बन रही है। हालांकि यूक्रेन ने पिछले साल कानून पारित कर भर्ती की आयु 27 वर्ष से घटाकर 25 वर्ष कर दी थी, लेकिन इन उपायों का उतना प्रभाव नहीं पड़ा है, जितना कि रूस से युद्ध में सैनिकों की संख्या बढ़ाने या युद्ध के मैदान में हुई क्षति की भरपाई करने के लिए आवश्यक था। पालिसा के अनुसार यूक्रेन एक योजना पर काम कर रहा है, जिसमें वित्तीय प्रोत्साहन, प्रशिक्षण की गारंटी और सैनिकों व उनके कमांडरों के बीच संवाद सुनिश्चित करने के उपाय शामिल हैं। इस योजना का उद्देश्य मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष के युवाओं को आकर्षित करना है, जिन्हें फिलहाल सैन्य सेवा से छूट प्राप्त है।

# जिला कलक्टर ने किया बेबी फीडिंग रूम का उद्घाटन

● पदमावत मीडिया

**प्रतापगढ़ ।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय बालिका दिवस-2025 के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में बेबी फीडिंग रूम का उद्घाटन जिला कलेक्टर अंजलि राजोरिया तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केदारनाथ द्वारा किया गया।

## बेबी फीडिंग रूम का हुआ उद्घाटन

बेबी फीडिंग रूम का मुख्य उदेश्य अस्पताल में आने वाली धात्री महिलाओं को एक सुरक्षित एवं सम्मानजनक स्थान उपलब्ध कराना है। इसके अलावा जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम रखा गया जिसमें जिला कलेक्टर एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बालिकाओं को केक कटवा कर तथा टॉफियॉ बांट कर राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई दी। इस उपलक्ष्य पर हस्ताक्षर अभियान भी रखा गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ.पी. दायमा, शिशु डॉ. धीरज सेन उपस्थित थे।

## जिला चिकित्सालय में व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

इस दौरान जिला कलेक्टर ने जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने अस्पताल में मौजूद मरिजों से बातकर व्यवस्थाओं का फीडबैक भी लिया। जिला कलेक्टर ने इस अवसर पर बेबी फिडिंग रूम में उचित व्यवस्थाएं रखने के निर्देश भी दिए।

## जिला कलेक्टर वाहन रैली को दिखाई हरी झण्डी

इसके अलावा जिला कलेक्टर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर नगर परिषद से रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आत्मविश्वास को प्रदर्शित करते हुए एक वाहन रैली का आयोजन नगर परिषद से तिरंगा चौराहा तक किया गया, जिसमें पुलिस विभाग की कालका यूनिट, राजीविका की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं, साथिन एवं अन्य जिलेवासी




शामिल हुए।

## राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के अन्तर्गत

## संवाद कार्यक्रम हुआ आयोजित

सहायक निदेशक नेहा माथुर के निर्देशों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर एवं राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत गुरूवार को जनजाति बहुउद्देशीय बालिका आश्रम छात्रावास में संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 छात्राओं को मिशन शक्ति के हरिराम रैदास द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य तथा मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य भावनात्मक के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र के परामर्शदाता लक्ष्मी चौहान तथा डिम्पल के द्वारा करियर के बारे में बालिकाओं से संवाद करते हुए जानकारी उपलब्ध करायी तथा विभागीय योजनाओं से बालिकाओं को अवगत कराया।

# गणतंत्र दिवस पर 36 सेवा बस्तियों में लगेंगे निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**पदमावत मीडिया, उदयपुर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेवा भारती उदयपुर एवं नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शहर की 36 सेवा बस्तियों में निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सेवा भारती चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष विवेक बोहरा ने बताया कि सेवा बस्तियों में आयोजित होने वाले इन शिविरों में न सिर्फ विशेषज्ञ चिकित्सकों की परामर्श सेवा व रोगियों की जांचें निःशुल्क होंगी अपितु आवश्यक दवाइयां भी शिविर स्थल पर ही निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। नेशनल मेडिको ऑर्गेनाइजेशन के महानगर अध्यक्ष डॉक्टर राहुल जैन ने बताया कि इन चिकित्सा शिविरों में 150 डॉक्टर्स और 100 नर्सिंगकर्मी सेवाएं देंगे। शिविर की व्यवस्था देख रहे विभाग सेवा प्रमुख कपिल चित्तौड़ा एवं महानगर सेवा प्रमुख सुरेश ने बताया कि शिविर का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1~30 तक का रहेगा उन्होंने इन शिविरों का लाभ उठाने की अपील की है।

# देवनानी की पहल पर विधान सभा में राष्ट्रीय पर्यावरण पर दो दिवसीय युवा संसद

# स्वस्थ, सुरक्षित और हरित भविष्य की दिशा में जिम्मेदारी से बढाये कदमः देवनानी



● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को राष्ट्रीय पर्यावरण पर दो दिवसीय युवा संसद आरंभ हुई। देवनानी ने देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये दो सौ से अधिक युवाओं के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर राष्ट्रीय पर्यावरण विषय पर आयोजित युवा संसद का शुभारम्भ किया। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने युवाओं का आवहान किया कि सभी को मिल-जुल कर एक स्वस्थ, सुरक्षित और हरित भविष्य की दिशा में कदम बढाने होगें। इसके लिये देश का भविष्य और वर्तमान युवा को दृढ़ संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध होकर कार्य करने होंगे। उन्होने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिये प्रत्येक व्यक्ति को अपना दायित्व समझना होगा और सजग रहकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी निभाना होगा। तकनीकी ज्ञान के साथ पृथ्वी पर उपलब्ध पानी की हर बूंद के उपयोग का प्रयास करना होगा। देवनानी ने युवाओं से कहा कि पर्यावरण संरक्षण पर राजस्थान विधान सभा के सदन में चर्चा के साथ क्रियान्विति के लिये ब्लू प्रिंट आवश्यक रूप से तैयार करें। औद्योगीकरण एवं वैज्ञानिक नवाचारों के साथ जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों से हमें प्रेम करना होगा- विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने शुक्रवार को यहां विधान सभा सदन में राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पर्यावरण पर दो दिवसीय युवा संसद को संबोधित करते हुये कहा कि जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधन हैं तो मानव जीवन है। पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो मानव और धरती का अस्तिव बना रहेगा। देवनानी ने कहा कि औद्योगीकरण एवं वैज्ञानिक नवाचारों के साथ जल, प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों से हमें प्रेम करना होगा। इसी से हमारे स्वयं के साथ समाज व देश का सुव्यवस्थित विकास हो सकेगा। देवनानी ने आकाशो-शांति, पृथ्वी-शांति, अंतरिक्ष-शांति और सभी जीव जगत की शांति के लिये प्रार्थना करते हुये कहा कि पर्यावरण विषय के इस युवा संसद का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति चेतना बढ़ाना है साथ ही प्राकृतिक संसाधनों एवं पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति भी जागरूकता और संवेदनशीलता के साथ हमें अपनी मानवीय जिम्मेदारियों पर समझ बढानी होगी। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के वैज्ञानिक दृष्टिकोण ‐ देवनानी ने कहा कि पर्यावरण के प्रति भारतीय संस्कृति सदैव से ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखती आयी है। भारतीय दर्शन में संतुलन और सद्भाव की अवधारणा के साथ पशुओं के प्रति अहिंसा और करूणा का भाव है। उन्होनें कहा कि प्राचीनकाल से ही भारतीय संस्कृति में जल और पेडों के संरक्षण के अनेक उपाय बताये जाते रहे है। सिंधु घाटी सभ्यता नदी किनारे विकसित हुई जिसने जल निकास व्यवस्था का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। राजस्थान में सार्वजनिक तालाब, खड़ीन, झालरा, कुँए, बावड़ी आदि अनेक जल संचयन की तकनीकी विधियां आज भी विद्यमान है, जिनसे मरुस्थल को भी जैव समृद्धता मिलती है। राष्ट्र में चल रहे है पर्यावरण संरक्षण के अनेक अभियान, युवाओं से किया जुडने का आवहान ‐ देवनानी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सौर, पवन और जल ऊर्जा के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिये देश में चलाये जा रहे जल सहेली, स्वच्छ भारत, एक पेड़ माँ के नाम, टिकाऊ जल प्रबंधन जैसे अनेक अभियानों का जिक्र करते हुये कहा कि ऐसे प्रयासों से राष्ट्र सतत् विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होने युवाओं को इन कार्यक्रमों से दृढ़ संकल्प के साथ जुड़ कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा एवं ईमनादारी के साथ निर्वहन करने के लिये कहा। नेशनल इन्वायरमेंट यूथ पार्लियामेंट का आयोजन ऐतिहासिकः राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के सचिव श्री संदीप शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के सदन में नेशनल इन्वायरमेंट यूथ पार्लियामेंट का आयोजन ऐतिहासिक है। युवा शक्ति को लोकतंत्र से जोडने के लिये विधान सभा के पवित्र सदन में युवाओं को बैठने का गौरवशाली अवसर मिला है। युवा संसद का यह मंच पर्यावरण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने के साथ हमारे विचारों, प्रयासों और संकल्पों का साझा माध्यम भी बनेगा। राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा द्वारा विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के नेतृत्व में ऐसे नवप्रयोग किये जा रहे है। उन्होने कहा पर्यावरण संकट केवल एक देश का मुद्दा नहीं है बल्कि संपूर्ण मानवता का साझा दायित्व है। समाज की रीढ़ युवा शक्ति को इसके लिये तत्परता से बदलाव और प्रतिबद्वता के साथ सतत् भविष्य को सशक्त करने की जरूरत है। वायु एवं महाकुंभ - एक जादुई सांस्कृतिक यात्रा का विमोचन ‐ समारोह में विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और राष्ट्र मंडल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के सचिव संदीप शर्मा ने आदित्य खैवाल और लक्ष्य खैवाल द्वारा लिखित पुस्तक वायु एवं महाकुंभ एक जादुई सांस्कृति यात्रा का विमोचन किया। यह पुस्तक बच्चों और युवाओं को शिक्षाप्रद और मनोरंजक तरीके से महाकुंभ मेले के सांस्कृति महत्तव को समझाते हुये पर्यावरण संरक्षण के महत्तव को उजागर करती है।

## डाइट की डीडीएमसी की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा बैठक में हुई विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** डाइट विकास एवं प्रबंधन समिति डीडीएमसी की चतुर्थ त्रैमासिक समीक्षा बैठक आज डाइट उदयपुर के टैगोर हॉल में आयोजित की गई समिति के अध्यक्ष व डाइट प्रिंसीपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि संस्थान योजना एवं प्रबंधन प्रभाग की अनुमोदित गतिविधि के तहत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र कुमार जैन के निर्देशन में आयोजित डीडीएमसी की इस त्रैमासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रभागाध्यक्ष डॉ मृदुला तिवारी ने गत तिमाही में किए गए कार्यों का विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष द्वारा समीक्षा करते हुए असंपादित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही समिति द्वारा वार्षिक अनुदान से पूर्ण किए गए कार्यों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में डाइट बाउंड्री के बाहर अतिक्रमण हटवाने बाबत सक्षम विभाग को अवगत कराने के अतिरिक्त संस्थान भवन में लंबित मरम्मत योग्य कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने पर चर्चा की गई। साथ ही संस्थान के लिए आवश्यक अन्य संसाधनों के क्रय करने संबंधी प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने पर चर्चा की गई।

इस मौके पर समिति के सदस्य डॉ खेल शंकर व्यास तथा डॉ चन्द्रशेखर चौबीसा ने डाइट के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए आगामी कार्यों के लिए अपने सुझाव दिए।इस अवसर पर डाइट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के तहत हो रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उप प्रधानाचार्य डॉ ओम प्रकाश शर्मा, प्रभागाध्यक्ष डॉ बृजबाला शर्मा, बीना कंवर राजपूत, तेजपाल जैन,गायत्री जोशी, गिरीश कुमार चौबीसा, संस्थापन अधिकारी अलेक्जेंडर फील्ड, सहायक लेखाधिकारी किरण मास्ते सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।अंत में प्रभारी अधिकारी त्रिभुवन चौबीसा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## पीएमसीएच के फार्माकोलॉजी विभाग के मासिक न्यूज़लेटर, न्यूज़ एंड व्यूज़ का विमोचन

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के फार्माकोलॉजी विभाग के मासिक न्यूज़लेटर ‘न्यूज़ एंड व्यूज‘ का आज पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्याालय के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस परिहार, फार्माकोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अमिताभ,चीफ एडीटर डॉ.बीपा, डॉ.रोहिताश,बोर्ड मेम्बर डॉ.नीता साही, डॉ. गरिमा, डॉ.मुर्तजा, डॉ.महुआ, डॉ.सोनिया, डॉ.जिगर एवं डॉ.झलक ने विमोचन किया। फार्माकोलोजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.अमिताभ ने बताया कि यह न्यूज़लेटर विभाग की गतिविधियों,नवीनतम शोध,नवाचार और महत्वपूर्ण जानकारी को साझा करने का एक प्रमुख मंच बनेगा। इस न्यूज़लेटर का उद्देश्य न केवल फार्मा उद्योग के पेशेवरों को जानकारी प्रदान करना है, बल्कि छात्रों, शोधकर्ताओं और उद्योग के अन्य संबंधित हितधारकों के लिए भी ज्ञान का आदान-प्रदान करना है। विमोचन के इस अवसर पर चीफ एडीटर डॉ.बीपा ने बताया कि ‘न्यूज़ एंड व्यूज‘ में प्रमुख विषयों पर लेख,सफलता की कहानियाँ,नई नीतियाँ और विभागीय उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। यह न्यूज़लेटर पाठकों को फार्मा क्षेत्र में हो रहे नवीनतम परिवर्तनों और अवसरों के बारे में जागरूक करेगा।

## 19 वर्षीय स्कूली छात्रा की नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न

● पदमावत मीडिया



**उदयपुर।** उदयपुर में पहली बार होने जा रही एसजीएफआई की 19 वर्षीय स्कूली छात्रा की नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर शुक्रवार को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा लोकेश भारती की अध्यक्षता में पीएमश्री फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रतियोगिता के लिए नियुक्त सभी प्रधानाचार्य, शिक्षक, शारीरिक शिक्षकों बैठक हुई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी भारती ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बनाई विभिन्न समितियां से अब तक की गई तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुए शेष कार्य समय पर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा मुरलीधर चौबीसा ने बताया कि राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता 29 जनवरी से 3 फरवरी तक शहर के विभिन्न क्रिकेट खेल मैदाने पर खेली जाएगी। देश के विभिन्न राज्यों से 22 क्रिकेट टीमों का एसजीएफआई के खेल पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन हो चुका है। उप जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण लाल सालवी ने बताया कि शहर के छः क्रिकेट खेल मैदानो की बुकिंग की जा चुकी है। झाड़ोल सीबीईओ पवन कुमार रावल ने इस आयोंजन में लगे सभी कार्मिकों को आपसी समन्वय व पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए आयोजन को यादगार बनाने के निर्देश दिए। आयोजन सचिव व महात्मा गांधी स्कूल सुंदरवास के प्रधानाचार्य आशुतोष तुली ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में, परिवहन व्यवस्था हेतु बसों की बुकिंग, आवास व्यवस्था हेतु होटल की बुकिंग कर ली गई है। प्रतियोगिता के वित्त एवं सामान्य प्रशासन समिति के सदस्य प्रधानाचार्य संजय कुमार बडाला, प्रतियोगिता के सह सचिव एवं वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक विजय सिंह रावत ने अब तक की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया।

## पंडित नरेश कुमार वेयर होंगे मुख्य अतिथि-मुकेश माधवानी

76वें गणतंत्र दिवस पर जन गण मन कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से जारी, सुरों की मंडली के 76 संगीत कलाकार देंगें अपनी प्रस्तुतियाँ



● पदमावत मीडिया

**उदयपुर।** सुर साधकों को मंच प्रदान हेतु कार्यरत संगीत संस्था सुरों की मण्डली के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि 26 जनवरी को आयोजित जन-गण-मन कार्यक्रम की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में 76 प्रतिभागी देशभक्ति से ओतप्रोत गीत प्रस्तुत करेंगे । जिसके लिए 15 से 25 जनवरी तक पूर्वाभ्यास की व्यवस्था की गई है । प्रतिदिन सुर साधक अपनी प्रतिभा को निखार रहे है । कार्यक्रम को संपादित करने हेतु कमेटीयों का गठन कर जिम्मेदारीया दी गई है-- वीनू वैष्णव-सोशल मीडिया और न्यूज़ के साथ सम्पूर्ण कार्यक्रम प्रबंधन , कैलाश कैवल्या-अभ्यास,साउंड और ट्रैक के साथ सम्पूर्ण तकनीकी कार्य , निखील माहेश्वरी-मंच सज्जा/डिजाइनचंद्र प्रकाश गंधर्व एवं गोपाल गोठवाल-मंच संचालन ,योगेश उपाध्याय-साउंड और ट्रैक का संकलन एवं संचालन करेंगेकार्यक्रम संयोजक वीनू वैष्णव ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय आकशवाणी, दूरदर्शन एवं अनेक गरिमामयी समारोह में अपनी प्रस्तुतियां दे चुके ख्यातनाम सितार वादक पंडित नरेश कुमार वेयर होंगे । कार्यक्रम के अंत मे सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गान जन-गण-मन होगा जो कि कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होगा ।

## सहायक अभियोजन अधिकारी (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा-2024

## आयोग ने जारी की प्रश्न पत्र- लॉ एंड लैंग्वेज की मॉडल उत्तर कुंजी

● पदमावत मीडिया

**अजमेर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियोजन अधिकारी(गृह विभाग (अभियोजन)) (प्रारंभिक) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के प्रश्न पत्र- लॉ एंड लैंग्वेज की मॉडल उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इस मॉडल उत्तर कुंजी पर किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक श्री आशुतोष गुप्ता ने बताया कि आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। उक्त परीक्षा का मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें । वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### आपत्ति दर्ज कराने का शुल्क व प्रक्रिया

आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क रु 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्रेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क रू 100/- (सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे से भुगतान कर आपत्तियों को स्थाई रूप से दर्ज कराया जा सकेगा। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएगी। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है।

आपत्तियां केवल ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी। ऑनलाइन आपत्तियों का लिंक 25 से 27 जनवरी 2025 को रात्रि 12:00 बजे तक ही उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समयावधि के बाद लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। अन्य किसी माध्यम से भेजी गई आपत्तियां स्वीकार नहीं की जाएंगी। आपत्तियां केवल एक बार ही ली जाएंगी। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी पर ई-मेल से अथवा फोन नम्बर 9352323625 व 7340557555 पर संपर्क कर सकते हैं।

## उदयपुर ग्रामीण विधायक मीणा ने स्कूलों के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में की शिरकत

● पदमावत मीडिया




**उदयपुर।** उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के वार्षिकोत्सव एवं साईकिल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और बालिकाओं को साईकिल एवं पुरस्कार का वितरण किया। विधायक मीणा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एकलिंगपुरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धोल की पाटी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बड़ी उन्दरी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पारगी फला, पीपलवास में वार्षिकोत्सव में भाग लिया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व साईकिले वितरित की। विधायक मीणा ने ग्राम पंचायत पीपलवास के पारगी फला-रामवास में सार्वजनिक चबूतरा एवं टीन शेड कार्य का लोकार्पण एवं धोल की पाटी में पंचायत भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर समाजसेवी तख्तसिंह शक्तावत, कमलेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## राज्य स्तरीय समारोह गणतंत्र दिवस - 2025

# प्रदेश के 02 एडीजी राष्ट्रपति पुलिस पदक व 15 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी होंगे पुलिस पदक से सम्मानित

● पदमावत मीडिया

**जयपुर ।** गणतंत्र दिवस 2025 के अवसर पर उदयपुर के महाराणा भूपाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरीभाऊ किसनराव बागडे प्रदेश के दो अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) स्तर पुलिस अधिकारियों सचिन मित्तल एवं एस. सेंगाथिर को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान पुलिस के 15 अन्य अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को भी पुलिस पदक से नवाज़ा जाएगा। पुलिस पदक से सम्मानित होने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सहेलियों की बाड़ी उदयपुर में आयोजित एट होम कार्यक्रम में पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। दो पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति का पुलिस पदक विशिष्ट सेवा के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कार्मिक सचिन मित्तल एवं अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर एस. सेंगाथिर को राज्यपाल हरीभाऊ बागडे द्वारा पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

### पूर्व संध्या पर 15 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी होंगे पुलिस पदक से सम्मानित

एडीजी (कार्मिक) सचिन मित्तल ने बताया कि राज्य स्तरीय समारोह की पूर्व संध्या पर उदयपुर जिले में सहेलियों की बाड़ी में एट होम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के 15 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। एडीजी मित्तल ने बताया कि इनमें रिटायर्ड अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कान सिंह भाटी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, पुलिस दूरसंचार अजमेर वेदप्रकाश बालोदिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, लीगल सैल जोधपुर मांगी लाल राठौड, उप अधीक्षक पुलिस, दूरसंचार उदयपुर अनिल कुमार रेवाडिया, पुलिस निरीक्षक एमटी पुलिस मोटर ड्राईविंग स्कूल, बीकानेर गुरजिन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला-झुन्झुनूं गोपाल लाल जांगिड, कम्पनी कमाण्डर महाराणा प्रताप बटालियन प्रतापगढ हवा सिंह एवं पुलिस निरीक्षक राजस्थान पुलिस अकादमी राम प्रसाद शर्मा शामिल है। मित्तल ने बताया कि इसी प्रकार उप निरीक्षक पुलिस, मुख्यमंत्री सुरक्षा, जयपुर सुरेन्द्र सिंह शेखावत, सहायक उप निरीक्षक जिला विशेष शाखा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला-जयपुर ग्रामीण बाबू लाल जाट, सहायक उप निरीक्षक, जिला विशेष शाखा, दक्षिण जयपुर कल्याण सहाय शर्मा, सहायक उप निरीक्षक, सीआईडी एसएसबी, राजस्थान जयपुर पप्पू कुमावत, कांस्टेबल 261 प्रथम बटालियन, आरएसी, जोधपुर छगनाराम, कांस्टेबल 383 एसओजी यूनिट अजमेर रामदेव एवं कांस्टेबल 234, एमबीसी खेरवाडा, उदयपुर हाल सेवानिवृत्त नरेन्द्र कुमार को पुलिस पदक प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है।



स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादकः पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित । मो. नं.: + 91-95945-42679
e-mail:- padmavatmedia@gmail.com /Web:- padmavatmedia.in (नोटः पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी) । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा । उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।